हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 विश्व खाद्य दिवस पर बच्चों के लिए हुई चित्रकला एवं लेख ...



13 सूरजपुर की घटना : सरकार और पुलिस तंत्र ...



# श्री राम मंदिर जमीन खरीदी-बिक्री मामले में तहसीलदार पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर प्रांगण में कांग्रेस अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी

जिला मुख्यालय में ग्राम मजगांव स्थित श्री राम मंदिर की जमीन की खरीदी-बिक्री मामले में कारवाई की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जहां धरना प्रदर्शन में बैठे हैं, वहीं इस मामले संलिप्तता पाए जाने के कारण कलेक्टर की अनुशंसा पर एसडीएम ने बुधवार आदेश जारी कर नायब तहसीलदार मनीषा देवांगन को उनके प्रभार से हटा दिया है। उन्हें जिला कार्यालय में अटैच किया गया है। इससे पूर्व जिला प्रशासन ने मंदिर की जमीन खरीदी बिक्री मामले दो पटवारियों को निलंबित कर चुकी है। बहरहाल भाजपा नेता अनिल माहेश्वरी अपनी पत्नी प्रभा माहेश्वरी के नाम से राम मंदिर की जमीन खरीदे जाने का खुलासा होने के बाद जिले में राजनैतिक क्षेत्र में माहौल गरमाया हुआ है। इस मामले पर विभिन्न सामाजिक संगठन सहित कांग्रेस नेता रजिस्ट्री शून्य एवं क्रेता विक्रेता साथ ही नायाब तहसीलदार पर कारवाई किए जाने की आवाज उठा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने बकायदा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के तीसरे दिन बीत चुका है। कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी स्थानीय राम मंदिर प्रांगण में धरना देते हुए भजन कीर्तन कर कारवाई की मांग कर रहे हैं।

## कलेक्टर की अनुशंसा पर एसडीएम ने जारी किया आदेश




### रजिस्ट्री निलंबित कर विक्रेता-क्रेता पर हो कारवाई : शर्मा

नगर पालिका के सभापति एवं कांग्रेस के मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने कहा कि प्रशासन राम मंदिर जमीन की खरीदी-बिक्री की रजिस्ट्री त्वरित रूप जहां शून्य किया जाना चाहिए, वहीं क्रेता विक्रेता पर कानून कारवाई हो। श्री शर्मा ने कहा कि नायब तहसीलदार की भूमिका जमीन खरीदी बिक्री मामले में है तो उन्हें हटाने के बजाय निलंबित किया जाना चाहिए। आखिर अब तक प्रशासन आस्था से जुड़े इस मामले में ठोस कार्रवाई करने में किसके दबाव में घबरा रही है। कांग्रेस पार्टी जब तक प्रशासन उचित कारवाई नहीं करती आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न ट्रेडों के संबंध में प्रशिक्षण देने हुई कार्यशाला



**बेमेतरा।** मिशन शक्ति के तहत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं परियोजना अधिकारी, लाईव्लीहुड कॉलेज, चोरभट्ठी रोशनलाल वर्मा द्वारा महिला एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन के विभिन्न ट्रेडों पर निःशुल्क प्रशिक्षण दिये जाने, प्रशिक्षण अवधि, हितग्राहियों को लाभ के अवसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसी तारतम्य में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिला एवं किशोरियों को तकनीक रूप से सुदृढ़ीकरण के लिए कौशल उन्नयन विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न ट्रेड के बारे में संक्षिप्त में जानकारी दी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय योजनाओं जैसे- सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, महतारी वंदन योजना, किशोर (बालकों) के लिए पीपीएफ खाता खुलवाने संबंधी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यशाला में कौशल उन्नयन के 87 हितग्राही उपस्थित रहे।

### कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में साइबर सुरक्षा को लेकर दी गई जानकारी




**बेमेतरा।** बुधवार को गर्ल्स कॉलेज में पुलिस प्रशासन की टीम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं हेड कांस्टेबल लोकेश राजपूत द्वारा साइबर सुरक्षा ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में एपी के फ्रॉड व्हाट्स ऐप फ्रॉड फेसबुक फ्रॉड जैसे विभिन्न ठगी के प्रकारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया एवं उनसे बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ विनिता गौतम ने बदलते समय के साथ बदलते अपराधों से सावधान रहने को कहा। कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ सारथी और डॉ मेघा तिवारी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### झांसा देकर युवक से 50 हजार की ठगी

**बालोद।** एक ओर जहां साइबर क्राइम को रोकने बालोद पुलिस युद्धस्तर पर अभियान चलाकर लोगों को ठगी से बचने और सावधानी बरतने अपील कर रही है तो वहीं दूसरी ओर साइबर क्राइम अधिकारी बनकर एक ठग ने पढ़े-लिखे युवक को अपना शिकार बना लिया और उसके खाते से करीबन 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। गुंडरदेही थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस से की गई शिकायत में बताया कि 1 सितंबर को सुबह 10 बजे मेरे फोन पर अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आपके द्वारा अश्लील फोटो सर्च किया गया है।

## चुनाव

### प्रेसवार्ता लेकर जिपं सीईओ ने दी निर्धारित कार्यक्रमों की जानकारी

# नपं के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन, दावा-आपत्ति 23 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ कहा- मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें, कोई त्रुटि हो तो आवेदन कर सुधरवा लें



त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध जिले के 9 नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, दाढ़ी, नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर, परपोड़ी के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर को कर दिया। प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित नगर पंचायत कार्यालय में किया जा सकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल व संयुक्त कलेक्टर एवं उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने बुधवार को कार्यालय के दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को जानकारी दी। सीईओ श्री अग्रवाल ने मतदाताओं से अपील की कि वे प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन कर लें। उसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो, तो उसमें सुधार के लिए निर्धारित फ़ार्म में भर कर जमा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता यह ना सोचें कि विधानसभा और लोकसभा में उनका नाम है, तो इसमें भी होगा। निर्वाचक नामावली पूरी सावधानी से वार्डवार बनी है। फिर भी मतदाता इसका अवश्य अवलोकन कर लें। त्रुटि होने पर सुधार भी करवा लें।

यदि प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत प्रकाशित नगर पंचायत/ग्राम पंचायत की निर्वाचक नामावली में नाम नहीं है तो नगर पंचायत/ग्राम पंचायत के निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने के लिए विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम होना अनिवार्य है। अतः 01 जनवरी 2024 की ▶▶| शेष पेज 13 पर

### अलग-अलग त्रुटियों के लिए अलग अलग प्रारूप में देना होगा आवेदन

संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि नगरीय निकाय प्ररूप क, ख एवं ग में प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर अपरान्ह 03.00 बजे तक निर्धारित है। प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 04 नवंबर तक निर्धारित है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्ररूप क, ख एवं ग में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण करने की अतिम तिथि दिनांक 29अक्टूबर तक है एवं प्ररूप क-1 में व्याप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण करने की अंतिम तिथि दिनांक 8 नवंबर नर्धारित है। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत प्ररूप क, ख एवं ग में प्राधिकृत कर्मचारी के समक्ष दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29.10.2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक निर्धारित है तथा प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष दावा-आपत्ति स्तुत करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर निर्धारित है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्ररूप क, ख एवं ग ▶▶| शेष पेज 13 पर

## चोरी की रकम से खरीदा गाड़ी और मोबाइल, धरा गया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शंका के आधार पर पूछताछ के दौरान स्वीकार किया जुर्म



चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में बेमेतरा पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की रकम से खरीदे गए सामान को पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर को इंदू यादव वार्ड नं. 15 नयापारा बेमेतरा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कोई अज्ञात चोर 28 सितंबर शाम 4 बजे से 10 अक्टूबर की सुबह 10 बजे के मध्य उनके घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखी नकदी रकम 1 लाख रूपये को चोरी कर ले गया है। धारा 331 (1), 305 (ए), भारतीय न्याय सहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। मामले में शंका के आधार पर आरोपी सुखलाल वर्मा ऊर्फ छोटू पिता बलदाउ वर्मा उम्र 38 साल निवासी वार्ड नं. 15 नयापारा बेमेतरा से पूछताछ करने पर पता चला कि चोरी की रकम से मोबाईल फोन, होम थिएटर एवं कपड़ा खरीदा। इसी प्रकार बेमेतरा में ही पुरानी दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 केक्यु 7266 को 43,500 रूपए में खरीदा। इसके साथ ही अन्य खर्चों के साथ शेष रकम को खाने-पीने में खर्च करना बताया। पुलिस ने आरोपी से खरीदी किये समान को जब्त किया है। आरोपी सुखलाल वर्मा ऊर्फ छोटू पिता बलदाउ ▶▶| शेष पेज 13 पर

# लंबित वारंट की तामिली एक सप्ताह के भीतर अभियान चलाकर करें : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बेहतर पुलिसिंग को लेकर एसपी ने ली बैठक, दिए निर्देश

एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की मीटिंग ली। उन्होंने लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल करने निर्देश दिए। अवैध शराब बिक्री, गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। बुधवार को पुलिस अधीक्षक साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित प्रभारियों की बैठक ली। न्यायालय से जारी समंस वारंट की विधिवत तामिल कर समय सीमा में न्यायालय पेश करने, धारा 138 एनआईए एक्ट के लंबित समंस वारंट की शत-प्रतिशत तामिल करने एवं बेल जंप की लंबित वारंट की तामिली एक सप्ताह के भीतर अभियान चलाकर निकाल करने तथा नया कानून की धारा 105 बीएनएसएस जब्ती तलाशी के दौरान वीडियो व फोटोग्राफी कर संबंधित न्यायालय में पेश करने के लिए निर्देशित किया गया। थाने में पैरालिगल वालेंटियर के प्रवास पर संयमित व्यवहार करने, साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर वायलेंटियर तैयार करने, नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता चलाने, नशा मुक्ति वालेंटियर तैयार करने एवं थाना में शिकायत व समस्या को लेकर आये आगंतुक व रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डीएसपी राजेश झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे उपस्थित रहे।

### सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**कुसुमकसा।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश निरोटी के मुख्य अतिथि में डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिपरा और भर्रीटोला 43 में जिला पंचायत सदस्य निधि से स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। दोनों ग्राम पंचायत में पांच-पांच लाख रुपयों की लागत से सीसी रोड निर्माण होना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी बाई भुआर्य सरपंच ग्राम पंचायत चिपरा ने की।

## अमोरा संबलपुर में नवीन महाविद्यालय खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नांदघाट

■ नांदघाट महाविद्यालय के स्थान परिवर्तन प्रक्रिया का विरोध जारी



नांदघाट महाविद्यालय के स्थान परिवर्तन को लेकर गरमाया मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। बुधवार को जनपद पंचायत नवागढ़ अध्यक्ष अंजली सतीश मारकण्डेय ने अमोरा संबलपुर में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी नवागढ़ को ज्ञापन सौंपा है।

पत्र में अध्यक्ष अंजली मार्कण्डेय ने उल्लेख किया है कि वर्तमान में नांदघाट में संचालित कालेज को अमोरा में स्थानान्तरित किये जाने का अनुशंसा किया गया था, जो कि नांदघाट क्षेत्र हित के विपरीत है। प्रशासन द्वारा नांदघाट के स्थान पर अमोरा ग्राम में कालेज के स्थल परिवर्तन करने का प्रस्ताव किया गया है, जो नांदघाट के जनहित-न्यायहित-लोकहित के विपरीत है।

अंजली ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि नांदघाट में संचालित कालेज को यथावत नांदघाट में किया जाये और मंत्री जी के भावनाओं को सुनते व मानते हुए अतिशीघ्र अमोरा संबलपुर में नवीन महाविद्यालय प्रारंभ किया जाए।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411



## खबर संक्षेप



### 256 अनाधिकृत निर्माण किए गए नियमित

**रायपुर।** कलेक्टर डा. गौरव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में 256 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने के प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाधिकृत निर्माणों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द चरणबद्ध तरीके से निपटारा करे। उन्होंने कहा कि नियमों के सरल होने के बाद से नियमितिकरण आसान हुआ। इसके बाद तेजी के साथ प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम देवेंद्र पटेल समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सूत्रों के नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक होने से पूर्व रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए करीब पांच हजार प्रकरण लंबित थे।

### सड़क स्वीकृति के लिए सीएम का आभार

**रायपुर।** पश्चिम विधानसभा को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री तथा दिग्गज भाजपा नेता राजेश मूणत के प्रयासों पर सीएम विष्णुदेव साय ने मुहर लगाते हुए गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क प्रदान कर दी है। यह सड़क शुक्रवारी से शुरू होकर प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी तथा पूरी तरह फोरलेन होगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। लगभग पौन किमी की इस सड़क के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी और फंड मंजूर करने के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय, और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, रायपुर पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ाने के लिए और बड़ी कोशिशें की जाएंगी।

### महाराष्ट्र चुनाव में भूपेश और टीएस पर्यवेक्षक नियुक्त

**रायपुर।** महाराष्ट्र चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। श्री बघेल को विदर्भ रीजन और श्री सिंहदेव को पश्चिमी महाराष्ट्र की जिम्मेदारी दी गई है।

### जेसीआई सुपर चैप्टर के 13 अध्याय अध्यक्ष घोषित

**रायपुर।** भारतीय जूनियर चैंबर मंडल-9 के अंतर्गत रायपुर में जेसीआई के 2025 के लिए 13 अध्याय अध्यक्षों की घोषणा जेसीआई सुपर चैप्टर के फाउंडर एवं चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा की गई, जिसमें वर्ष 2025 अध्यक्ष, सचिव, अध्याय प्रभारी और को-ऑर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई, जिसमें जेसीआई रायपुर कैपिटल के अध्यक्ष जेसी हेमंत यादव और सचिव गौरव कोठरिया को बनाया गया। इसी प्रकार जेसीआई वामा कैपिटल की अध्यक्ष जेसी आस्था बाफना, सचिव जेसी खुशी कुंभारे, जेसीआई रायपुर संस्कार के अध्यक्ष आदित्य सिंह टिकरिहा आदि को बनाया गया।

# सूरजपुर की घटना : सरकार और पुलिस तंत्र पर सिंहदेव ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, पूरे प्रदेश के जैसे सूरजपुर जिले में लगातार आपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। महिलायें, बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। सूरजपुर में अत्यधिक वीभत्स घटना रविवार रात की है, जहां एक जिला बदर अपराधी ने पुलिस कर्मी के घर में घुसकर उनकी पत्नी और 12-13 साल उम्र की बच्ची की नृशंस हत्या कर दी। कम से कम 15 से 20 वार उनकी पत्नी के शरीर पर और पुत्री के शरीर व गले में किसी धारदार औजार से हमला कर निर्ममता से हत्या की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि एक जिला बदर व्यक्ति कैसे जिले में घूम रहा था?

### दुर्गा पूजा में तलवार भांजते देखा गया

टीएस ने कहा, जिलाबदर व्यक्ति के बारे में लोगों ने बताया दुर्गा पूजा के कार्यक्रम के दरमियान तलवार भांजते हुए भी देखा गया। जिस रात की घटना हुई उस रात हवलदार को फोन करके वो बोलता है कि मैं थाने के पास खड़ा हूं तुम आ जाओ। हवलदार वहां पहुंचते हैं, उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है। थाने वाले लोग बताते हैं कि करीब 9.40 के आसपास की यह घटना है। इसके बाद वो रात को घर पहुंचता है, संभवतः साढ़े 11 बजे के आसपास और यह इस वीभत्स घटना को अंजाम देता है।



### 10 माह में कानून व्यवस्था लचर- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रदेश मे लगातार घट रही आपराधिक घटनाओ पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सुशासन का राग अलापने वाली भाजपा सरकार मे लगातार घटनाओं से प्रदेश भयभीत है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से कभी भी क़ानून व्यवस्था इतनी लचर नहीं रही, जितनी पिछले दस महीने मे हो गयी है।

### मामूली विवाद में एक व्यक्ति को छत से फेंका

इतना ही नहीं दुर्गा सप्तमी के दिन एक कार्यक्रम हो रहा था जिसमें शहनाज अख्तर का कार्यक्रम था। कुछ लोग घरों के ऊपर से कार्यक्रम देख रहे थे। ये जो हत्यारा कुलदीप साहू और इसका बड़ा भाई संदीप साहू भी कार्यक्रम को ऊपर से देख रहे थे। एक व्यक्ति के साथ वाद-विवाद होता है। ये लोग उसको ऊपर से नीचे फेंक देते हैं।

क्या यही पुलिस तंत्र की व्यवस्था छत्तीसगढ़ में कायम है? किसके संरक्षण में घूमने दिया जाता है? दुर्गा पूजा में भाग लेने दिया जाता है, विसर्जन में जाता है। पुलिस वाले को चुनौती देता है। खौलते हुए तेल की कढ़ाई एक के ऊपर फेंकता है। दूसरे को बुलाकर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है। शासन-प्रशासन ऐसा पंगु दिखता है, ऐसा निष्क्रिय और नाकाबिल दिखता है कि दो महिलाओं की, एक मां की और एक बच्ची की हत्या हो जाती। जिला बदर अपराधी इसके पूर्व जिले में घूमता हुआ पाया जाता है। पुलिस की लापरवाही से जिला बदर बदमाश खुले में घूम रहा था। उसने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

### 40 नेता इस समय भी वहां पर अपनी जिम्मे वाली विधानसभाओं में कर रहे हैं काम

# झारखंड-महाराष्ट्र चुनाव के लिए भी प्रदेश के 60 से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। इसमें से कई नेता महाराष्ट्र और झारखंड का लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी के साथ 40 से ज्यादा नेता इस समय भी अपनी जिम्मे वाली विधानसभाओं में काम कर रहे हैं। झारखंड में तो प्रदेश के कई मंत्रियों को भी जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वहां पर सभाएं लेने के साथ रोड शो भी कर चुके हैं। चुनाव का ऐलान होने के बाद अब एक-दो दिनों में प्रदेश के मंत्री भी झारखंड जाएंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री साय का भी वहां का लगातार दौरा होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने काफी पहले से उन राज्यों में चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी थी जहां पर चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ था। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र और झारखंड का भी नाम है। अब तो इन राज्यों में मंगलवार को चुनाव का ऐलान भी हो गया है। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है।

### महाराष्ट्र में इनको जिम्मा



महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिंहा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व विधायक रंजना साहू नांदेड़ दक्षिण, आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ उत्तर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है। इनमें से ज्यादातर नेता इस समय महाराष्ट्र में ही है। जो नेता वहां का दौरा करने के बाद लौट आए हैं, वो भी एक-दो दिनों में जाएंगे और वहां पर दीपावली के पहले तक पर रहेंगे।

### झारखंड में इनको जिम्मा



*झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। इसी के साथ और कई नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है।*

# रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय संबंधी विभिन्न विषयों पर सांसद बृजमोहन ने की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय में रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए और विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। समिति ने उन विषयों को जिन्हें पूर्व समिति द्वारा विचार के लिए लिया गया था, परंतु जिनके संबंध में समिति जांच पूरी नहीं कर सकी थी और उन पर प्रतिवेदनों को प्रस्तुत नहीं कर सकी थी, पर चर्चा हुई। समिति का क्षेत्राधिकार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निम्नलिखित विभाग इस समिति के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत उर्वरक विभाग, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग और औषध विभाग आते हैं। समिति के कार्य रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तीनों विभागों की अनुदानों की मांगों पर विचार करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है। साथ ही रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से संबंधित ऐसे विधेयकों की जांच करना जो अध्यक्ष, लोकसभा अथवा सभापति, राज्यसभा द्वारा, यथास्थिति, समिति को सौंपे गए हैं और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है।

- लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद

2023-24 के कार्यकाल के दौरान, समिति ने आठ प्रतिवेदन, अर्थात दो विषय संबंधी प्रतिवेदन और रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तीन विभागों से संबंधित छह पर की गई कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान समिति ने विस्तृत जांच हेतु 15 विषयों यथा उर्वरक विभाग से संबंधित 5 विषयों, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित 6 विषयों और औषध विभाग से संबंधित 4 विषयों का चयन किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास शहरी एएचपी के आवासों का भौतिक सत्यापन, 40 अफसरों की टीम प्रदेशभर में करेगी जांच

## उपमुख्यमंत्री साव ने दिए थे जांच दल बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी घटक के तहत बन रहे करीब 60 हजार आवासों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इस काम के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इस जांच के लिए 40 अफसरों की एक टीम बना दी है। खास बात ये है कि उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने पिछले महीने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए थे। अब जांच दल का गठन किया गया है।

- सभी निकायों के लिए 4-4 अफसरों का दल गठित






### जांच प्रतिवेदन इस तरह बनेगा

निर्देश के मुताबिक जांच दल भागीदारी में किफायती आवास( एएचपी) घटक का कार्य अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप तय करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामाग्रियों की टेस्ट रिपोर्ट, सुरक्षा संबंधी उपाय, एजेंसी द्वारा बंद कार्यों में अनुबंध के मुताबिक वांछित कार्यवाही के विरुद्ध निकाय द्वारा की गई कार्यवाही, स्वीकृत आवासों, के आवंटन एवं पूर्ण आवासों के व्यवस्थापन तथा अन्य आनुषांगिक विषयों के संबंध में निकायों द्वारा की जा रही कार्यवाही को रिपोर्ट में शामिल करेंगे। इसके साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिए निकाय में होने वाली कठिनाईयों और उनके निराकरण के उपाय भी रिपोर्ट में रखेंगे।

### जारी हुआ ये आदेश

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राज्य के सभी नगर पालिका निगमों में जहां ये आवास बन रहे हैं, उनकी जांच के लिए चार-चार अधिकारियों के दल बनाए गए हैं। इसमें संयुक्त संचालक, सहायक संचालक,उप संचालक, कार्यपालन अभियंता, तथा एसएलटीसी विशेषज्ञ शामिल किए हए हैं। यह जांच दल निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्यकार्यपालन अधिकारी सूडा को पेश करेंगे।*

### सभी निगम क्षेत्रों में हो रहा है निर्माण

*इस योजना में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि आवास जल्द से जल्द वितरित किए जा सकें। छत्तीसगढ़ की कई शहरी क्षेत्रों में यह योजना विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें दुर्ग, रायपुर, और बिलासपुर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। प्रदेश के सभी निगम क्षेत्रों में ये मकान बनाए जा रहे हैं।*

# 16 रेंजर, 45 डिप्टी रेंजरों को दीपावली गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के 16 रेंजर तथा 45 डिप्टी रेंजरों को राज्य सरकार ने बड़ी दीपावली गिफ्ट दिया है। राज्य शासन ने इन रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों का प्रमोशन करते हुए एसडीओ तथा रेंजर के पद पर पदोन्नत किया है। वन विभाग में दो साल के बाद रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है। रेंजर तथा डिप्टी रेंजर का प्रमोशन होने के बाद निचले स्तर के कर्मचारियों को भी शासन स्तर पर 15 साल से अटकी वेतनवृद्धि मिलने की आस है। जिन वनक्षेत्रपालों का प्रमोशन किया गया है, उनका स्थानांतरण आदेश भी जारी किया गया है। शासन के आदेश पर जिन रेंजरों का प्रमोशन किया गया है, उनकी सूची इस प्रकार से है- संदीप सिंह प्रभारी राज्य स्तरीय उड़न दस्ता से वन बल कार्यालय,बृजलाल देवांगन वन मंडल दंतेवाड़ा से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर, तोषी वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा से वन मंडल कार्यालय कोरबा, दुरपति सिदार धर्मजयगढ़ वनमंडल से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर, द्रोपति राजनंदगांव से उप वन मंडल अधिकारी दंतेवाड़ा, आसमान सिंह इंद्रावती टाइगर रिजर्व से कार्यालय सुकमा वन मंडल, संतोष कुमार पाण्डेय परिक्षेत्र अधिकारी रामानुजगंज, बलरामपुर से कार्यालय वन मंडल अधिकारी बलरामपुर, घासीराम कोर्राम नारायणपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन नारायणपुर, सुखदास नाग सुकमा से अधीक्षक इंद्रावती टाइगर रिजर्व, अनिल कुमार बोमार्डे राजनांदगांव से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक कार्यालय दुर्ग, रामभरोस सोनवानी सुकमा से प्रबंध संचालक जिला यूनियन सुकमा, दिलीप कुमार सिन्हा भानुप्रतापपुर पश्चिम से उप वन मंडल अधिकारी अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र जगदलपुर, रामशरण राम बलरामपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन सूरजपुर, पुष्पेंद्र कुमार साहू बलौदा बाजार से कार्यालय वन मंडल अधिकारी राजनंदगांव, तरुण तिवारी गरियाबंद से प्रभारी अधिकारी रायपुर, गुलशन कुमार साहू सुकमा से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन जगदलपुर स्थानांतरण किया गया है।

- रेंजर बने एसडीओ, डिप्टी रेंजर पदोन्नत होकर बने रेंजर







### संपति विरूपण पर कलेक्टर ने जारी की चेतावनी

# उपचुनाव के दौरान केवल रायपुर दक्षिण में लागू होगी आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग ने कर दी है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आचार संहिता किस तरह लागू होगी? इस सवाल के जवाब में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि से कहा है कि आचार संहिता केवल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में ही लागू होगी। रीना कंगाले के मुताबिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब सरकारी खर्चों से किसी योजना का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। सरकार की किसी कल्याणकारी योजना के संबंध में चुनाव होने तक प्रचार प्रसार नहीं किया जा सकेगा। आचार संहिता लागू रहने तक कोई भी शासकीय कार्यक्रम, उद्घाटन, शिलान्यास वगैरह भी नहीं हो सकता। सरकारी दफ्तरों में भी किसी तरह का राजनीतिक प्रचार नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को वे आदर्श आचार संहिता से संबंधित मापदंड की जानकारी प्रसारित करेंगी। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर से दक्षिण सीट के लिए नामांकन होंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने दी जानकारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया ये निर्देश

उप-निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। कलेक्टर ने मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों से लेकर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक भवनों, स्वीमिंग पुल, लाइब्रेरी जैसी शासकीय परिसरों से भी सभी प्रकार की संपत्ति विरूपित करने वाले साधनों को समय-सीमा में हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। डॉ. सिंह ने संपत्ति विरूपित करने वाले लोगों के विरुद्ध तत्काल निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व विरूपण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्रं. 202410230300029/ 08/ अ-2/ वर्ष 2023-24**

एतद् सर्वसाधारण ग्राम/ नगर **चोरभट्ठी** तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका **किशन लाल पिता शेरसिंह जांगड़े** निवासी चोरभट्ठी पो. मटका तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/ नगर चोरभट्ठी प.ह.नं. 28 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 635 रकबा 0.15 हे. भूमि को **व्यवसायिक (पेट्रोल पंप)** प्रजोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक **18.10.2024** को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **04.10.2024** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### डीन, सुपरिटेंडेंट से मिले सामाजिक प्रतिनिधि

**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में व्याप्त कमियों को लेकर सामाजिक मुखिया ने पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन विवेक चौधरी तथा हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर से मुलाकात की और नवीन पदस्थापना को लेकर बधाई देकर स्वागत किया। सामाजिक प्रतिनिधियों ने अस्पताल में व्याप्त कमियों की विस्तार से जानकारी दी और इन्हें दूर करने का आग्रह किया। दोनों जिम्मेदार अधिकारियों ने सभी विभाग के समीक्षा कर अतिशीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### रमेश पंवार क्षत्रिय समाज के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष

**रायपुर।** डॉ. रमेश राहंगडाले पंवार क्षत्रिय समाज संगठन के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। समाज की त्रिवार्षिक (2024-27) नई कार्यकारिणी के लिए 10 अक्टूबर को नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्त की गई। इसके बाद मतदान अधिकारी ने डॉ. रमेश राहंगडाले को अध्यक्ष, देवलाल पारधी उपाध्यक्ष, प्रमोद पटले सचिव, उदय बिसेन कोषाध्यक्ष, गोपीचंद राहंगडाले को सदस्य निर्वाचित घोषित किया।

### 2 साल के बाद छत्तीसगढ़ में वेब सीरीज की शूटिंग शुरू

**रायपुर।** मायानगरी के फिल्म निर्देशकों को एक बार फिर से छत्तीसगढ़ का पर्यटन फिल्मों की शूटिंग के लिए लुभाने लगा है। लगभग 2 साल के बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में फिल्मों की शूटिंग शुरू हुई है। पंचायत व कोटा फैक्टरी व गुल्लक जैसी फिल्मों के डायरेक्टर दीपक मिश्रा अपनी नई फिल्म ग्राम चिकित्सालय की वेब सीरीज की शूटिंग राजनांदगांव के गोटिया जिला में शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म में भी पंचायत फिल्म की तरह ही गांव में चिकित्सालय और डॉक्टर के जीवन को दिखाया गया है। जानकारी मुताबिक फिल्म की ज्यादातर शूटिंग छत्तीसगढ़ में की जा रही है।

### 17 अक्टूबर से शुरू होगा साक्षात्कार

# मेगा जॉब फेयर में टूट पड़े बेरोजगार 4 घंटे में 4 हजार से ज्यादा आवेदन

**रायपुर।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए मंगलवार को राजधानी रायपुर के छत्तीसगढ़ कॉलेज में आयोजित किए गए मेगा जॉब फेयर में 3 हजार से ज्यादा बेरोजगार युवाओं ने विभिन्न पदों पर नौकरी पाने के लिए ऑफलाइन आवेदन किया है। ऑफलाइन के अलावा एक हजार से ज्यादा बेरोजगारों ने ऑनलाइन भी आवेदन किया है। इस तरह 4 घंटे के दौरान 4 हजार से ज्यादा बेरोजगारों ने जॉब फेयर के माध्यम से आवेदन किए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन युवाओं ने आवेदन किया है, उनका साक्षात्कार 17 अक्टूबर से शुरू होगा, जो 23 अक्टूबर को खत्म होगा।





#### ऑनलाइन में दिल्ली से भी आवेदन

अधिकारियों ने बताया कि जॉब फेयर ऑफलाइन के अलावा ऑनलाइन भी आवेदन किए जा सकते थे। ऑनलाइन में एक हजार से अधिक आवेदन किए गए हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्य के बेरोजगार युवाओं ने भी आवेदन किया है। एक आवेदन दिल्ली से किया गया है।

#### अलग-अलग तारीख को साक्षात्कार

आवेदन करने वाले बेरोजगारों को आवेदन लेने के बाद सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। यह साक्षात्कार लाइवलीवुड कॉलेज जोरा रायपुर में होगा। साक्षात्कार सेक्टर के अनुसार होंगे। इसके लिए 17 अक्टूबर को हेल्थ सेक्टर, 18 व 21 अक्टूबर को बैंकिंग, फायनेंस एवं मार्केटिंग सेक्टर, 23 अक्टूबर को कंज्यूमर मार्ट, शिक्षा, होटल एवं रेस्टोरेंट सेक्टर तथा 25 अक्टूबर को उद्योग सेक्टर के लिए साक्षात्कार होगा।

#### 3003 ऑफलाइन आवेदन

मेगा जॉब फेयर में विभिन्न पदों के लिए 3 हजार 3 बेरोजगारों ने ऑफलाइन अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसमें रायपुर के अलावा प्रदेश के कई जिलों से बेरोजगार युवा पहुंचे थे। इसके अलावा ऑनलाइन एक हजार से अधिक आवेदन किए गए हैं। इनमें दिल्ली से भी आवेदन किया गया है।

- एओ लॉरी, उप संचालक रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र रायपुर

#### रायपुर सहित कई जिलों के बेरोजगार पहुंचे थे कैंप में

जिला प्रशासन द्वारा मेगा जॉब फेयर में रायपुर के साथ प्रदेश के कई जिलों से बेरोजगार युवा पहुंचे थे। कैंप सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया था। इसे देखते हुए दूसरे जिलों से आए सैकड़ों की संख्या में बेरोजगार सुबह 9 बजे से ही यहां पहुंचने लगे थे। इस दौरान रायपुर जिले के आरंग क्षेत्र से आए संदीप, संजय एवं संगीता ने बताया कि रजिस्ट्रेशन कराने के साथ जॉब के लिए आवेदन फार्म भरकर जमा करा दिए हैं। उन्होंने बताया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर, बैंक ऑफिस वर्क के लिए आवेदन किया है। इनमें संगीता और संजय ने बताया कि वे पहली बार प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में रोजगार के लिए आवेदन करने पहुंचे हैं।

#### 10वीं पास से लेकर डिप्लोमाधारी बेरोजगारों ने किया आवेदन

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मेगा जॉब फेयर 5 हजार से अधिक पदों के लिए आयोजित किया गया है। इस कैंप में 10वीं पास से लेकर डिप्लोमाधारी बेरोजगार युवा भी पहुंचे थे। इन बेरोजगारों में सबसे ज्यादा बैंकिंग, हेल्थ, इंडस्ट्रीज, शिक्षण, रेस्टोरेंट-होटल सेक्टर में जॉब के लिए आवेदन किए गए हैं।

## नवाचारी शिक्षिका मंजू को डाइट प्राचार्य धृतलहरे ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य जेके धृतलहरे ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका में पदस्थ नवाचारी शिक्षिका मंजू साहू को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

विगत दिनों शिक्षिका द्वारा दो चरणों में बेमेतरा जिले के चारों विकासखंड बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ साजा के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। विगत कई वर्षों से शिक्षिका द्वारा विज्ञान विषय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नवाचारी शिक्षिका ने डाइट बेमेतरा से ही तीन बार क्रियात्मक अनुसंधान कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने रसायन शास्त्र होमवर्क एवं भौतिक शास्त्र पर क्रियात्मक अनुसंधान किया एवं अपने स्कूल में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षण कराती आ रही है। डाइट प्राचार्य जेके धृतलहरे ने शिक्षिका के विभिन्न कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लर्निंग आउटकम्स विद्यार्थियों में प्राप्त करने के लिए हमें हाइपोथेसिस अपना कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त करना होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षिका एससीएफ पर्यावरण में काम कर चुकी हैं एवं विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित हैं। कार्यक्रम के दौरान डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, जीएल खुटियारे, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी ने शुभकामनाएं दी हैं।

## चार दिवसीय छठ महापर्व 5 से, नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगी छठ पूजा

**रायपुर।** छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर द्वारा 4 दिवसीय छठ महापर्व का आयोजन राजधानी के खारुन नदी के महादेवघाट तट पर किया जा रहा है। इस मौके पर विधि-विधान से छठी माई की पूजा अर्चना की जाएगी। माई की महिमा का गुनगान करने मुंबई, लखनऊ सहित छत्तीसगढ़ लोकप्रिय कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छठ पूजा का महापर्व इस बार 5 नवंबर से शुरू होगा। छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, बस्तर सहित अन्य शहरों में भगवान सूर्य देव की उपासना का पारंपरिक पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

### दिवाली, छठ व क्रिसमस पर केवल दो घंटे ही चलेंगे पटाखे

**भिलाई।** दिवाली, छठ और क्रिसमस पर्व पर इस बार केवल दो घंटे की पटाखे फोड़े जा सकेंगे। नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल प्रिसिंपल बेंच नई दिल्ली ने यह समय तय किया है। साथ ही यह भी आदेश है कि केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री होगी। हालांकि यह आदेश पिछले साल भी एनजीटी ने जारी किया था। लेकिन उसका पालन स्थानीय प्रशासन करवाने में नाकाम रहा। लोगों ने देर रात तक जमकर पटाखे फोड़े। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में दीपावली पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक, नया वर्ष/क्रिसमस पर रात्रि 11:55 से 12:30 बजे तक ही पटाखे फोड़ने का समय निर्धारित किया गया है।

### पेज 11 के शेष

#### नपं के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक ...

स्थिति में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना नाम विधानसभा की निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करा लिये है, वे आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप (क/क-1) में अंतिम तिथि के पूर्व दावा-आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत जिले के 09 नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, दाढ़ी, नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर, परपोड़ी के संबंधित नगर पंचायत कार्यालय में, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में दावा आपत्तियां प्राप्त किये जायेंगे। जिले में 09 नगर पंचायत अंतर्गत कुल 135 वार्ड हैं।

अंतिम प्रकाशन 22 व 29 नवंबर को: नगरीय निकाय प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण उपरांत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवंबर को विहित स्थानों में किया जायेगा। पंचायत में प्राप्त दावा-आपत्तियों के निराकरण उपरांत निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन दिनांक 29 नवंबर को विहित स्थानों में किया जायेगा। आयोग द्वारा जारी फोटोयुक्त निर्वाचक नामवली की पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जाबो कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता रैली, मतदाताओं की बैठक, कोटवारों के द्वारा मुनादी, मतदाता अपील, मतदाता शपथ आदि के माध्यम से जन जागरूक किया जा रहा है।

#### अलग-अलग त्रुटियों के लिए अलग ...

में प्राप्त दावा-आपत्तियों के बराकरण करने की अतिम तिथि 4 नवंबर तक है एवं प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा-आपत्तिओयों के निराकरण करने की अंतिम तिथि दिनांक 14 नवंबर तक निर्धारित है।

#### चोरी की रकम से खरीदा ...

वर्मा उम्र 38 साल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सउनि जितेन्द्र कश्यप, आरक्षक चुरावन पाल, आरक्षक रवि साहू, मनीष मिश्रा एवं अन्य स्टाफ का अहम भुमिका रही।



## खबर संक्षेप



### त्रुटिरहित ढंग से करें मतदाता सूची का निर्माण : पाटले

**बालोद।** जिले के नगरीय निकाय तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के निर्वाचक नामावली तैयार/पुनरीक्षण के लिए नियुक्त रोल आब्जर्वर विजय सिंह पाटले ने 15 अक्टूबर को जिले के विभिन्न स्थानों में पहुँचकर मतदाता सूची की पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस कार्य में लगे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक लेकर त्रुटिरहित ढंग से मतदाता सूची का निर्माण करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा बंसल सहित जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित थे।

### लोगों को आत्मसम्मान से जीवन जीने की सीखा रहे

**बालोद/निकुम।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक एमई राय लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवकों, महिला समूहों को बैंकिक से जोड़कर कई लोगों के जीवन में जीवन जीने की आशा की किरण जगाकर स्वरोजगार कर आत्मसम्मान से जीवन जीने की कला सीखा रहे हैं। गौरतलब है कि ग्रामीणों, मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवकों, महिला समूहों को बैंक से मिलने वाली सुविधा लाभ की जानकारी देकर बेहतर पहल की। निकुम, जामगांव, चन्द्रखुरी, पिनकापार से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर काम किया।

### स्वाध्यायी छात्र 30 तक भर सकते हैं आवेदन

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के अंतर्गत कक्षा दसवीं व बारहवीं में स्वाध्यायी/प्राइवेट के रूप में मार्च 2025 परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, इस बार आवेदन के लिए छात्रों को विशेष विलंब शुल्क 1540 रूपए भी देना होगा । निर्धारित तारीख समाप्त होने के बाद फिर से आवेदन का अवसर नहीं दिया जाएगा। डौंडीलोहारा विकासखंड के समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम ने बताया कि इच्छुक परीक्षार्थी विद्यालय समय पर आकर आवश्यक दस्तावेज के साथ परीक्षा प्रभारी लवण साहू से संपर्क कर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन मोड में भर सकते हैं।

### युवक पर कटर से हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** आधी रात युवक पर कटर से हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बीती रात पांच रास्ता में राजेन्द्र अपने घर के पास बैठा था। उसी समय दिलीप टंडन और गुड्डू नामक युवक पहुंचे और मारपीट करने लगे। दोनों ने कटर से राजेन्द्र पर हमला कर फरार हो गए। घटना से युवक घायल हो गया। जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### 6 जुआरी पकड़ाए

**भिलाई।** जुआ खेल रहे 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गणेश चौक के पास कृष्णा नगर स्ट्रीट लाईट के नीचे हारजीत का दांव लग रहा था। जहां दबिश देकर जुआ खेल रहे पकडा गया। पुलिस ने जुआरियों में रजत पाण्डेय, दिलेश्वर साहू, राजु कुमार, मो. अयान महेश कुमार मनोज विश्वकर्मा के पास से कुल 3930 रूपये और ताश पत्ती जब्त किया है।

### बोइरडीह में दशहरा कार्यक्रम आज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बोइरडीह (जेवरतला) में दशहरा का पर्व 17 अक्टूबर दिन गुरुवार को महर्षि बाल्मिकी जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया है। इस दशहरा के पावन पर्व पर रामलीला का जीवंत झांकी, लंका दहन, रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

---

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में हुआ आयोजन

# विश्व खाद्य दिवस पर बच्चों के लिए हुई चित्रकला एवं लेख प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बुधवार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखंड साजा की विज्ञान एवं नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और बहुत सुंदर तरीके से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। नवाचारी शिक्षिका ने बच्चों को विश्व खाद्य दिवस के संदर्भ में सारगर्भित बातें बताई तथा भोजन के महत्व को स्पष्ट करते हुए बच्चों को अपनी थाली में जूठन न छोड़ने एवं आवश्यकता अनुसार ही अपनी थाली में भोजन लेने की अपील की। उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बताया कि विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य दुनियां भर में सभी के लिए पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करना, भुखमरी को समाप्त करना तथा भूख और कुपोषण से निपटना है।

कोविड -19 के कारण किसानों एवं श्रमिकों को खाद्य प्रणाली में समर्थन देने की आवश्यकता है, ताकि भारत समेत दुनिया के देशों में कुपोषण के बढ़ते मामलों को रोका जा सके। वैश्विक सूची में भारत दक्षिण एशियाई देशों में से सिर्फ़ अफगानिस्तान से बेहतर है, जो कि एक गंभीर समस्या का विषय है।

### कुपोषण एवं भुखमरी बड़ी समस्या

नवाचारी शिक्षिका ने बताया कि वर्तमान में कुपोषण एवं भुखमरी की समस्या एक बहुत बड़ी समस्या है। जिसका मुख्य कारण भोजन की बर्बादी है और इसे रोकना तथा इस पर कार्य करना नितान्त आवश्यक है। नवाचारी शिक्षिका ने भोजन की बर्बादी को रोकने के लिए सभी से अपील की है, ताकि जरूरतमंद एवं भूखे लोगों को भी कम से कम दो वक़्त का भोजन मिल सके। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक किशुन राम साहू, कनक लता सरसुधे, अवध राम वर्मा उपस्थित थे। सभी ने थाली में जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प लिया।



---

भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान पर हुई कार्यशाला, प्रदेश प्रवक्ता नीलू ने दी जानकारी

# जिले में मंत्री दयालदास ने सबसे ज्यादा 12 हजार सदस्य बनाए, दीपेश दूसरे स्थान पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान पर कार्यशाला बैठक हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा थे। जिले के नवागढ़ विधायक एवं खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की मौजूदगी में पदाधिकारियों को पार्टी के प्राथमिक सदस्यता प्राप्त कार्यकर्ता, कैसे सक्रिय सदस्य बनाया जाए बताते हुए नीलू शर्मा ने बताया कि अभी प्राथमिक सदस्यता अभियान चल रहा है। इसके बाद सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। इसकी शुरुआत जिले के विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेताओं को सक्रिय सदस्यता

बनाकर किया जाएगा । प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बैठक में जिले की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि जिला संगठन के अनुसार जिले में एक लाख सदस्य वर्तमान समय में बन चुके हैं। सर्वाधिक सदस्य 12 हजार से अधिक खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बनाए हैं, वहीं दूसरे क्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने 7 हजार से अधिक लोगों को जोड़ लिया है।

साजा विधायक ईश्वर साहू 5 हजार के तक पहुंचे हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने 1 हजार से अधिक सदस्य अपने रेफर कोड से बनाए हैं। बैठक में बताया गया कि जिले के विधायक व संगठन के पदाधिकारी अपने रेफर कोड से सदस्यता अभियान जारी रखे जिससे जिले में ओर भी सदस्य संख्या में बढ़ोतरी होगी। बैठक में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ,प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा, टार्जन साहू, योगेश तिवारी, अंजु बघेल, परमेश्वर वर्मा बलराम पटेल, मोंटी साहू, छोटू साहू, राजेन्द्र ठाकुर, नथमल कोठारी, संजीव तिवारी, बल्लू वर्मा सागर साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# कृषि के छात्रों को समझाई गई गोंद उत्पादन की तकनीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, ढोलिया, बेमेतरा में गोंद उत्पादन तकनीकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. संदीप भंडारकर ने विद्यार्थियों को गोंद तथा उसके महत्व के बारे में बताया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के प्राकृतिक रॉल एवं गोंद का संग्रहण, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन पर नेटवर्क परियोजना की प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. प्रतिभा कटियार ने गोंद के बारे में बताते हुए कैसे गोंद को हार्वेस्ट करके, सुरक्षित तथा प्रसंस्करण करके इसके महत्व तथा बायोपॉलीमर के मांग में बढ़ोत्तरी को बताया। जंगली पौधे से वहां रहने वाले लोगों के आय को बढ़ाने के लिए रेजीन तथा गोंद की महत्ता और बाजार में इसके उप-उत्पाद के उपयोग मांग तथा महत्ता को बताया। तत्पश्चात डॉ. पी.एस. पिसलकर ने कृषि उत्पादों के पोस्ट हार्वेस्ट तकनीक के बारे में बताया।

- कृषि महाविद्यालय, बेमेतरा में दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

कार्यक्रम में डॉ. मनेन्द्र कुमार ने डेमोस्ट्रेशन के द्वारा गोंद कैसे निकालते हैं बताया तथा डॉ. नूतन सिंह ने पौधों से गोंद निकालने के विभिन्न यांत्रिक विधियों के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. यूके ध्रुव, डॉ. असित कुमार, कुंती बंजारे, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. साक्षी बजाज, डॉ. सरिता शर्मा, सुनिता सिंह, महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी गण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

---

# सामाजिक न्याय में ना करें भेदभाव : पुरुषोत्तम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

धोबी समाज जिला बेमेतरा की जिला कार्यकारिणी बैठक कबीर भवन बेमेतरा में आयोजित की गई। बैठक शुभारंभ संत गाडगे महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर बिलासपुर, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नारायण निर्मलकर, जिला संरक्षक पंचराम निर्मलकर, जिला अध्यक्ष अनिल रजक एवं जिला पदाधिकारी, राज अध्यक्षों सहित राज पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर ने कहा कि 20 साल पहले समाज कहा था और अब कहां आ गया। इन ढाई सालों में समाज की एकता व संगठन पूरे छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज में अब प्रदेश से लेकर जिला व राज परिक्षेत्र में लोकतांत्रिक ढंग से सामाजिक चुनाव निःस्वार्थ भाव से कराया जा रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम रजक ने कहा कि सामाजिक न्याय में ना करें भेदभाव चाहे छोटा हो या बड़ा नियमावली सबके लिए एक हो, संत गाडगे महाराज के बताए हुए शिक्षा मार्गो में हमें चलना है और अपने बच्चों को भी शिक्षित करना है। सामाजिक एकता बनी रहे इस पर हमेशा प्रयासरत रहना है।

- बेमेतरा में हुई धोबी समाज जिला बेमेतरा की कार्यकारिणी बैठक

बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसमें विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम के साथ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नारायण निर्मलकर, पंचराम निर्मलकर, जिला उपाध्यक्ष इंद्रासन रजक सहित सभी राज अध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारी ने भी अपने विचार रखे।

### बनाई गई नियमावली

शासकीय प्राथमिक शाला सलधा में कार्यरत विजय निर्मलकर शिक्षा दूत को जिला धोबी समाज बेमेतरा द्वारा शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। जिला कार्यकारिणी बैठक में अनेक सामाजिक आचार संहिता नियमावली बनाया गया, जिन्हें सभी राज अध्यक्षों एवं राज पदाधिकारी ने अपनी सहमति दी। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अनिल रजक द्वारा किया गया एवं आभार जिला महासचिव राजेंद्र निर्मलकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष इंद्रासन रजक, जिला उप कोषाध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, महासचिव राजेंद्र निर्मलकर, जिला सचिव दुलार निर्मलकर, प्रकाश निर्मलकर, हरिराम निर्मलकर, शीतल रजक, रामशरण निर्मलकर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

### बड़गांव निवासी योगेश ने दिया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बड़गांव निवासी योगेश चतुर्वेदी एवं कविता चतुर्वेदी ने अपनी बेटी दीक्षा चतुर्वेदी कक्षा पाँचवी के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए न्योता भोज करवाया। शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव के संस्था प्रमुख पुणेश सोनबरसा ने कहा कि आजकल हम अपने बच्चों के जन्मदिन पर बहुत सारे पैसे व्यर्थ में खर्च कर देते हैं, किंतु इस योजना के तहत हम कम पैसे में ही सारे स्कूल के बच्चों को सामूहिक भोज करवा सकते हैं और पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। कमलकांत साहू ने कहा कि यह हम सभी के लिए अच्छा अवसर है। स्वेच्छा से कोई भी अपने ख़ुशी के पल को सामूहिक रूप से न्योता भोज करवा कर पुण्य के भागी बन सकते हैं। इससे बच्चों को भी पौष्टिक भोजन मिल जाता है। इस अवसर पर सभी स्टॉफ, प्रधान पाठिका पुनेस सोनबरसा, शिक्षक टिकेंद्र रामटेके, सदस्य कविता चतुर्वेदी सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

---

# पशुपालन के लिए दिया जा रहा केसीसी ऋण, लगाए जा रहे शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालन जैसे डेयरी, बकरी पालन, सूकर पालन, व मुर्गी पालन इत्यादि हेतु अल्प अवधि के लिये किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ उठाने के लिये सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को बेमेतरा जिला के प्रत्येक विकासखण्ड में पशु चिकित्सा संस्थाओं के अन्तर्गत केसीसी कैम्प (शिविर) लगाए जा रहे है। ये कैंप 15 सितम्बर से शुरू किए गए हैं, जो आगामी 31 मार्च 2025 तक लगाये जायेंगे। इसके अन्तर्गत पशु पालकों को डेयरी पालन के लिए दुधारू पशुओं के लिये प्रति गाय अधिकतम्‍ राशि रूपये 51500 एवं प्रति भैंस अधिकतम्‍ राशि रूपये 62500 केसीसी ऋण प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार बकरी/भेड़ पालन के लिए अधिकतम राशि रूपये 2628 रूपए प्रति बकरी/भेड़ पालन के लिए स्वीकृत किया जाना प्रावधानित है।

### कल इन गांवों में होगा शिविर

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर को बेमेतरा विकासखण्ड के ग्राम डूडा, हथमुडी, कुसमी, डोकला, गांगपुर, करही, मोहतरा, विकासखण्ड साजा के ग्राम श्यामपुर कांपा, अकोला, मोहतरा विकासखण्ड बेरला के ग्राम बोरिया, खुड़मुड़ी एवं विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम प्रतापपुर, मल्दा, गुंजेरा, कुरूवा, में शिविर लगाए जाएंगे। दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित केसीसी शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों से शामिल होने को कहा गया है।

---

## सशिमं जामगांव आर में धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा उत्सव

**जामगांव आर ।** शरद पूर्णिमा उत्सव समारोह का आयोजन बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में भारतीय संस्कृति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक मंचन में गायन और नृत्य का मन भावन ताल मेल मंत्र मुग्ध करती रही। विदित हो कि विद्यालय में रिकार्डिंग डांस वर्जित है। समिति सदस्य डा गुलाब साहू वादन में सहयोग कर प्रभावी मार्गदर्शन देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच तक पहुंचाते हैं। समारोह अतिथि मंच मानस मर्मज्ञ डा गुलाब साहू, समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सेवानिवृत पशु चिकित्सक डॉ केएस देवांगन, पालक जमुना सोनवानी प्राचार्य पीएल बारले, व्यवस्था धनेश्वरी साहू आसीन रहे। कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, बिलासपुरकोनी, खंडवा खेल बौद्धिक के होनहार विधार्थियों का सम्मान किया गया।

---

कहा- शहर के साथ गांवों में भी कम हो गए हैं पेड़-पौधे

# प्राचार्य राजेंद्र ने 59 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अपने 59वें जन्मदिन पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका के प्राचार्य राजेन्द्र झा ने लोगों के समक्ष 59 स्वास्तिक दीप जलाकर एवं 59 बेशकीमती पौधे लगाकर एक नया संदेश दिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ रही प्रदूषण की समस्या को अत्यधिक पेड़ लगाकर ही दूर किया जा सकता है। हरियाली इस वसुंधरा का आभूषण है। हम जितने अधिक पेड़ लगायेंगे, उतने ही हम भूमि के क्षरण को रोक पाएंगे। आज शहर के साथ साथ गाँवों में भी वृक्षों का अभाव हो गया है। गांवों में अब आम और अमरूद का बगीचा कहीं नजर नहीं आता। हम सभी को मिलकर



और एक-दूसरे का सहयोग करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित और जागरूक करना चाहिए। प्राचार्य राजेंद्र झा ने औषधीय पौधों चंदन, रक्तचंदन, रुद्राक्ष आदि का रोपण करके लोगों को स्वस्थ शरीर एवं निरोगी काया का संदेश दिया।

### सरपंच सहित ग्रामीणों ने की पहल की प्रशंसा

ग्राम प्रमुख सरपंच यशोदा गोपीचंद निषाद ने प्राचार्य के इस अनुकरणीय पहल की खूब प्रशंसा की। प्राचार्य राजेंद्र झा का यह अनुकरणीय कार्य हमारे गाँव के लिए गौरव है। इस बंजर जमीन पर विद्यालय बनने के पहले एक भी पेड़ नहीं था, इस बंजर भूमि को प्राचार्य झा ने आज हरितिमा युक्त बना दिया। विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन ने भी प्राचार्य के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर शुभकामना दी। सभी को स्वल्पाहार एवं आंगनबाड़ी में नौनिहालों के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर शैलेन्द्री यदु, राहुल यदु, गोपीचंद निषाद, प्रहलाद कुमार टिकरिहा, रविशंकर सेन, चेतन साहू, डॉ दीपक साहू, मनीषा कुलकर्णी, पुष्पांजलि दीवान, तुलसी टंडन, राजेश्वरी सोनी, सरस्वती साहू, पुष्पा नायक, भीमलता वर्मा, प्रियंका, दुष्यंत परगनिहा सहित सभी शाला परिवार के साथ-साथ संकुल परिवार ने भी प्राचार्य के उज्जवल भविष्य की कामना की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411